हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

11 विद्यार्थियों को दिलवाई नशामुक्ति की शपथ



12 वैशाख में श्रावण जैसी झड़ी, 8 डिग्री लुढ़का ...



SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia
COMPETITIVE COACHING
Expert faculty from CAREER POINT, Kota
NEET | JEE | NDA | PRE-FOUNDATION | OLYMPIADS
ADMISSION OPEN 2026
911 411 6000

## खबर संक्षेप

### सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक 15 को

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की त्रिमासिक बैठक 15 अप्रैल को उनके कार्यालय में होगी। तहसील कल्याण अधिकारी राजकुमार नागल ने बताया कि बैठक 15 अप्रैल को सुबह साढ़े 11 बजे होगी। उन्होंने बताया कि कमेटी की बैठक में अनुसूचित जाति से संबंधित अत्याचार के मामलों में त्वरित कार्रवाई आदि मसलों की चर्चा होगी।

### बैटरी चोरी मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर भिवानी पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। संजीव निवासी शास्त्री नगर भिवानी ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 दिसम्बर की रात उसने अपनी ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा की थी, जिससे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैटरी चोरी कर ली गई। चौकी बीटिएम भिवानी के मुख्य सिपाही रोहित द्वारा न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान रविंदर उर्फ कालिया पुत्र गुलाब सिंह निवासी देवनगर, भिवानी के रूप में हुई है।



### दो तस्करों को 5-5 साल का कारावास और जुर्माना

**भिवानी।** मंगलवार को न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 5-5 वर्ष के कारावास की सजा तथा 10,000- 10,000 का जुर्माना लगाया गया है। यह निर्णय माननीय न्यायालय सुरुचि अटरेजा सिंह द्वारा सुनाया गया। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बाइक पर दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा लेकर झांझडा से पहाड़ी की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा पहाड़ी व झांझडा श्योराण के बीच नाका लगाकर कार्रवाई की गई। नाका के दौरान बाइक सवार दो युवकों को काबू कर तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से 14 किलो 86 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान सोनू कुमार निवासी चहड खुर्द तथा नवीन निवासी झांझडा श्योराण के रूप में हुई है।

## सर्कुलर रोड पर आए दिन हो रहे हैं हादसे

# शहर में एक नंदीशाला सहित कई गोशालाएं फिर भी सड़कों पर बेसहारा घूम रहा गोवंश

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** सड़क पर लड़ते गोवंश व बाइकों पर वहां से गुजरते लोग और सर्कुलर रोड पर खड़ा गोवंश व गुजरता राहगीर व वाहन। फोटो : हरिभूमि

शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंश का जमावड़ा बना रहता हैं, जो लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। सर्कुलर रोड व बाजार की सड़कों पर घूमते व खड़े बेसहारा गोवंश अचानक वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर देते हैं और राहगीरों को चोट पहुंचाते हैं। गोवंश के इस जमावड़े की वजह से आए दिन अनेक लोग हादसों का शिकार होते हैं। इसके साथ ही शहर के सर्कुलर रोड पर चारा काटने की अनेक मशीने लगी हैं, जिनकी वजह से बेसहारा पशुओं का सड़कों पर जमावड़ा रहता हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर की सड़कों, बाजारों व चौक चौराहों पर बेसहारा गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। सबसे बड़ी समस्या तो रात को होती हैं, जब गोवंश सड़क के बीच खड़े हो जाते हैं या बैठे होते हैं। वाहनों की रोशनी में रात के समय ये नजर नहीं आते, जिनसे दुर्घटनाएं हो जाती हैं। शहर में एक नंदीशाला सहित दर्जनभर गोशालाएं संचालित हैं। इसके बावजूद गोवंश सड़कों पर घूमता नजर आता हैं, जो राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। अक्सर सड़कों पर गोवंश लड़ते नजर आते हैं, जो वहां से निकलने वालों को चोट पहुंचाते हैं। वैसे तो नगर परिषद शहर को कैटल फ्री होने का दावा करती हैं, लेकिन हकीकत इसके विपरीत नजर आती हैं। हां ये जरूर हैं कि नगर पशु पकड़ो अभियान चलाती रहती हैं और कितने पशुओं को पकड़ा और उन्हें पकड़ने के बाद सड़कों पर गोवंश कहां से आता हैं, ये गंभीर एवं सोचने वाला विषय हैं। शहर में काफी संख्या में गोवंश सड़क व कॉलोनियों में घूम रहा हैं, जो महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को चोटिल कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर गोवंश की बढ़ती संख्या के पीछे अकेले नप ही लापरवाही नहीं हैं, बल्कि वे लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं जो अपने पालतु पशुओं का दूध निकालकर उन्हें सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं और शाम को फिर से उन्हें बांधकर दूध निकाल लेते हैं।

### बढ़ता गोवंश नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही

शहर में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को लेकर शहरवासी नगर परिषद के पशु पकड़ो अभियान पर उंगलिया उठाने लगे हैं कि आखिर बार बार अभियान चलने के बावजूद गोवंश की सड़कों से संख्या कम क्यों नहीं हो रही, कहीं अभियान में कोई बड़ी खामी तो नहीं और पकड़े गए गोवंश को शहर के आसपास ही कहीं छोड़ तो नहीं दिया जाता, जो घूमते हुए दोबारा शहर में प्रवेश कर जाते हैं।

### अनेक लोग बन चुके काल का ग्रास

दादरी गेट पर 31 दिसंबर 2015 को बेसहारा गोवंश की टक्कर से विवेकानंद हाई स्कूल के संचालक अत्तरसिंह यादव की मौत हुई थी, जो परिवार के मुखिया थे और समाज में शिक्षा की अलख जगा रहे थे। पीड़िता सावित्री यादव ने बताया कि उनके पति अत्तरसिंह की मौत नगर परिषद की लापरवाही के कारण हुई थी। उन्होंने कोर्ट में नप की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई व आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने कोर्ट के समक्ष मांग रखी कि नप को सख्त निर्देश दिए जाए कि भविष्य में उनकी लापरवाही की वजह से कोई अन्य काल का ग्रास न बनें और कोई परिवार आर्थिक एवं मानसिक स्थिति बिगड़ने से टूटने एवं बिखरने से बच सकें। पीपलीवाला जोहड़ी व डीसी कॉलोनी सहित अनेक जगहों पर भी गोवंश के चोटिल करने के कारण लोगों की आकस्मिक मौत हो चुकी हैं।

### अब शहर में गोवंश दिखाई नहीं देगा : भवानी प्रताप

नप ने शहर को कैटल फ्री करने का बीड़ा उठा रखा है और पशु पकड़ो अभियान चलाकर बेसहारा गोवंश को पकड़ा जा रहा है। शहर में अब गोवंश दिखाई नहीं देगा, अगर कहीं दिखाई दे तो नप कार्यालय में सूचना दें। उन्होंने पशुपालकों को भी चेताया कि वे पालतु गोवंश को सड़कों पर न छोड़े, क्योंकि यह गोमाता का अपमान हैं। पशुपालकों ने पालतु पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ा तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा और कार्रवाई होगी।

**-भवानी प्रताप सिंह,** चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद, भिवानी

## दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा नहीं मिलने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**8 और 9 अप्रैल को प्रदेशव्यापी हड़ताल की तैयारी**

हरियाणा के दमकल विभाग के कर्मचारियों और सरकार के बीच टकराव गहरा गया है। फरीदाबाद के मुजेसर स्थित कालकाजी स्टील कंपनी में लगी भीषण आग के दौरान जान गंवाने वाले दो जांबाज दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा न मिलने से नाराज कर्मचारी यूनियन ने 8 और 9 अप्रैल को दो दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। सरकार की दमकमल कर्मचारियों के प्रति इस बेरूखी के खिलाफ मंगवलार को भिवानी अग्निशमन केंद्र पर कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई तथा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मुजेसर में स्थित कालकाजी स्टील कंपनी में हुआ था भयंकर अग्निकांड

बीती 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद के मुजेसर में स्थित कालकाजी स्टील कंपनी में एक भयंकर अग्निकांड हुआ था। इस दौरान दमकल विभाग के दो कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की, जिसमें वे वीरगति को प्राप्त हो गए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव धर्मवीर सिंह भाटी ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों ने इन मृतकों को शहीद का दर्जा देने की माँग उठाई थी, लेकिन सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया।

**कर्मचारियों में रोषः** इस फैसले से कर्मचारियों में भारी रोष है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव पुरुषोत्तम दानव ने घोषणा की है कि वे दमकल कर्मियों की इस जायज लड़ाई में उनके साथ हैं और 8-9 अप्रैल को प्रदर्शन में बढ़-चढक़र भाग लेंगे। मंगलवार को भिवानी अग्निशमन केंद्र पर आयोजित बैठक में जिला प्रधान सुमेर आर्य, राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, सोमेश सिंह, उमेश राठी, गौरव और हरीश सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए और सरकार की घोर निंदा की।

# भिवानी-जींद रोड पर अवैध कॉलोनी में तोड़ा निर्माण कार्य

- इ्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** अवैध निर्माण को गिराती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला नगर योजनाकार विभाग ने शहरी क्षेत्र भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र मौजा तिगड़ाना में भिवानी-जींद रोड़ पर बन रही एक अवैध कॉलोनी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग द्वारा जेसीबी से निर्माण कार्य को तोड़ा गया।

जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक श्रमायुक्त मनीश कुमार की मौजूदगी में पुलिस टीम के साथ मौजा तिगड़ाना में भिवानी-जींद रोड पर अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को हटाया। इस दौरान कॉलोनी में बाहरी चारदीवारी को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नैन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्रॉपर्टी डीलिंग करना, प्लॉट खरीदना या बेचना नियमों के विरुद्ध है। साथ ही नियमित एवं अनुमोदित सड़कों की हरित पट्टी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य न करने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों और निर्माण के खिलाफ इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की प्रॉपर्टी खरीदने से पहले वैधता की जांच अवश्य करें।

### प्ले स्कूल का पंजीकरण करवाना आवश्यक

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्ले स्कूलों के संबंध में नई गाइड लाइन तैयार की है। नई गाइड लाइन के अनुसार प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है और प्ले स्कूलों के लिए मापदंड भी तैयार किए गए है। मापदंडो को आयोग की वेबसाइ पर देखा जा सकता है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सरकार ने सभी प्राइवेट व सरकारी प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है। प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर एक वर्ष के लिए पंजीकृत किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की हरियाणा सरकार की और से प्ले स्कूलों के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है।

# दुकानों और ढाबों पर छापेमारी कर जब्त किए पांच घरेलू गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए की छापेमारी
- नागरिक घर पर ही बुकिंग करवा कर पाएं घरेलू गैस

सरकार के निर्देशानुसार व डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में एलपीजी गैस की सुचारू रूप से आपूर्ति को लेकर जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा निरंतर निगरानी व छापेमारी की जा रही है। विभाग ने विभिन्न दुकानों पर छापेमारी कर पांच सिलेंडर जब्त किए हैं। वहीं विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को लाईनों में लगने की जरूरत नहीं है। नागरिक घर बैठे ही अपने फोन से गैस बुक करें और घर पर ही गैस सिलेंडर पाएं। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अपार तिवारी ने बताया कि विभाग ने गांव लोहानी, लहलाना, भानगढ़ व लेघा में विभिन्न दुकानों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विभाग ने पांच घरेलू सिलेंडर जब्त किए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं घरेलू गैस का कमर्शियल प्रयोग दिखाई दे तो जिला मुख्यालय पर विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 01664-242125 पर सूचना दें। नागरिक सुबह आठ बजे से शाम आठ बज तक इस नंबर पर गैस आपूर्ति से संबंधित जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के लिए विभाग ने जिला मुख्यालय के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन किया है। घरेलू गैस की कालाबाजारी या होटल-ढाबों पर कमर्शियल प्रयोग रोकने को लेकर विभाग जिलाभर में अलग-अलग स्थानों पर निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 27 गैस एजेंसी हैं और 277 पेट्रोल पंप हैं। विभाग के पास आपूर्ति से अधिक गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल उपलब्ध हैं।

## ग्राम पंचायत का प्रस्ताव दिलवाने की मांग को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात

# प्रहलादगढ़ में प्रस्तावित नया टैंक निर्माण में लगा अड़ंगा

- गांव के पंचों और ग्रामीणों ने सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव प्रहलादगढ़ में ग्राम विकास और सत्ता के टकराव का एक बड़ा मामला सामने आया है। गांव के पंचों और ग्रामीणों ने सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों पर विकास कार्यों में बाधा डालने और सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

इस मामले को लेकर मंगलवार को गांव प्रहलादगढ़ के पंचों व ग्रामीणों ने उपायुक्त व बीडीपीओ को मांगपत्र सौंपकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से पंच शीला, पुनम कुमारी, उषा, ममता, पंच जयप्रकाश, संदीप कुमार, पवन कुमार, महेंद्र कुमार व नबंरदार विरेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, हवा सिंह सहित पूर्व सरपंच सूबे सिंह, पूर्व सरपंच विनोद कुमार, नरेश कुमार, सतबीर सिंह, विनोद साहब, धर्मपाल साहब, वेद प्रकाश, महाबीर सिंह, राजेंद्र कुमार, अत्तर सिंह, सतपाल सिंह, वेदपाल, ओमपति, बागबाई, धर्मबाई, अंगूरी देवी, कमलेश, कमला देवी, ज्ञानता देवी, मुन्नी देवी, निर्मला, बाला देवी, मुकेश देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मामले की जड़ गांव के जलघर में सरकार द्वारा प्रस्तावित एक नए वॉटर टैंक का निर्माण है। उन्होंने बताया कि सरकार इस टैंक के निर्माण के लिए पहले ही टेंडर जारी कर चुकी है। गांव के अधिकांश पंच और ग्रामीण चाहते हैं कि यह टैंक जलघर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में खाली पड़ी उपयुक्त जगह पर बनाया जाए। हैरानी की बात यह है कि जहां ग्रामीण पानी की समस्या के समाधान के लिए इस टैंक को जल्द से जल्द बनवाना चाहते हैं, वहीं सरपंच इस कार्य में कोई विशेष रूचि नहीं ले रहे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के बिना निर्माण कार्य रुका हुआ है, जिससे सरकारी फंड और समय दोनों की बर्बादी हो रही है। उन्होंने कहा कि 27 मार्च को जब विकास कार्यों को लेकर मीटिंग चल रही थी, तब सरपंच प्रतिनिधि ने बीच मीटिंग में आकर ग्राम सचिव के हाथों से कार्रवाई रजिस्टर जबरन छीन लिया।



**भिवानी।** उपायुक्त से मिलने जाते गांव प्रहलादगढ़ के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि ने सरेआम धमकी दी कि जब तक पंच पिछले कार्यों के संदिग्ध कागजों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, तब तक वह कोई नया प्रस्ताव नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि जब यह मामला उपायुक्त के संज्ञान में आया तो सरपंच के एक अन्य प्रतिनिधि ने अधिकारियों के सामने यह झूठ बोला कि पंचायत ने प्रस्ताव पास कर दिया है।

# बार एसो. चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही कोर्ट परिसर में सरगर्मियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- हार-जीत के समीकरण बनाने में जुटे अधिवक्ता, 15 को होंगे बार एसोसिएशन के चुनाव : गलिया

बार एसोसिएशन के चुनाव के तिथियों की घोषणा होते ही कोर्ट परिसर में सरगर्मियां भी तेज हो गई है। अधिवक्ताओं ने आपस में मतदान को लेकर चुनावी चर्चाएं शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि हाल ही में पंजाब एंड हरियाणा चंडीगढ़ के बार कौंसिल के चुनाव संपन्न हुए थे। इस वजह से जिला बार एसो. के चुनाव को टाल दिया गया था।

अब 15 मई को चुनाव की घोषणा कर दी है, जो प्रदेशभर में एक ही समय-एक ही तिथि पर होंगे। इस बारे में अधिवक्ता मुकेश गुलिया ने बताया कि जब चुनाव नजदीक आता है तो अधिवक्ता कोर्ट की कार्रवाई को कम करके चुनावी मौसम में ज्यादा मशगूल हो जाते है। यह एक भाईचारे का चुनाव है, इसीलिए अधिवक्ता एक-दूसरे के पास आते-जाते रहते है तथा जीत-हार के समीकरण बनाते रहते है। अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, अब आगामी 15 मई तक कोर्ट परिसर में चुनावी चर्चा तेज रहेगी। इस मौके पर रमेश सांगवान, अनिल साहु, पवन गौतम, विनय तंवर, मनोज लोहारी, कृष्ण मलिक, राकेश दिनोदिया व योगेंद्र भालोठिया आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चर्चा करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि



# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style



# तृषा अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'



**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।

# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है??



एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।

# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि



इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर किए पुष्प अर्पित

**बवानीखेड़ा।** धानक रत्न एवं पूर्व मंत्री अमर सिंह धानक की पुण्यतिथि पर उनके पौत्र नमन राजेन्द्र धानक द्वारा अनेक समाजसेवियों संग मिलकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। धानक रत्न एवं पूर्व मंत्री अमर सिंह धानक के पौत्र नमन राजेन्द्र धानक ने बताया कि उनके दादा का जन्म 7 अप्रैल 1930 को गांव खाण्डा खेड़ी संयुक्त पंजाब, अब तहसील हांसी जिला हिसार इनके पिता छोटूराम व माता मनोहरी देवी के निर्धन परिवार में हुआ था। गरीब परिवार में जन्म होने के पश्चात और अनुसूचित जाति के होने के कारण उस समय छुआछूत का बड़ा बोलबाला था,जिसके कारण उनको शिक्षा ग्रहण करने के लिए भी काफी मुश्किलें और तानों का सामना करना पड़ा।

### गुरु तेग बहादुर का प्रकाशोत्सव मनाया

**लोहारू।** संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले लोहारू के लघु सचिवालय परिसर में चल रहे अनिश्चितकालीन महापड़ाव के 266वें किसानों ने मंगलवार को नौवें गुरु के तेग बहादुर का प्रकाशोत्सव मनाया और उनके संघर्ष को याद किया। किसानों ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इतिहास में उन्हें हिंद की चादर कहा गया है। बता दें कि पिछले करीब 9 माह से किसान मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। महिपाल, बिधनोई, नंदलाल दहिया ने कहा कि सरकार की नीतियां दिशाहीन हो चुकी हैं।

### सैनी कल्याण परिषद ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**भिवानी।** समाज सुधारक और आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती को यादगार बनाने के लिए सैनी कल्याण परिषद ने कमर कस ली है। 11 अप्रैल को हनुमान ढाणी में आयोजित होने वाले भव्य राज्य स्तरीय समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए परिषद द्वारा विशेष जन-संपर्क एवं निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को परिषद के उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भिवानी से रवाना हुआ, जिसने लोहारू, बहल, दुल्हेड़ी और बीरण सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर ग्रामीणों को समारोह में पहुंचने का न्योता दिया। परिषद की टीम का गांवों में जोरदार स्वागत किया गया।

दो पहिया वाहन चालक कई बार हो चुके हादसे के शिकार

# बवानीखेड़ा की हुड्डा कॉलोनी में आवारा पशुओं का आतंक

**आवारा पशुओं ने पिछले दिनों वृद्ध महिला को बनाया था शिकार**



बवानीखेड़ा। कस्बे में विचरण करते आवारा पशु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा की हुड्डा कॉलोनी में इन दिनों आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि शहर के अधिकांश आवारा पशु उनकी कॉलोनी में ही घूमते नजर आते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में ललित जैन, सत्यवान, नरेश कुमार, राजेश कुमार, संदीप, मुकेश आदि के अनुसार सड़कों, गलियों और खाली प्लॉटों में दिन-रात गाय, सांड और अन्य पशु घूमते रहते हैं। कई बार ये पशु आपस में लड़ पड़ते हैं, जिससे राहगीरों और बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पशु झुंड बनाकर सड़कों पर बैठ जाते हैं और आवाजाही में बाधा उत्पन्न करते हैं। कालोनीवासियों ने बताया कि आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार दोपहिया वाहन चालक अचानक सामने आए पशुओं के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं। पिछले दिनों एक वृद्ध महिला को भी अपना शिकार बनाया। इसके अलावा पशु गंदगी फैलाते हैं जिससे आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

**चलाया जाएगा अभियान**

दूसरी तरफ इस बारे में नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि बीते दिनों भी अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ा गया था और दर्जनों पशुओं को स्थानीय गोशालाओं में भेजा गया था। जल्द ही बचे हुए पशुओं को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से संयम बरतने की अपील की।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा की हुड्डा कॉलोनी में सीवरेज के गंदे पानी की समस्या।

### हुड्डा कॉलोनी में सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर फैला, जीना हुआ दुभर

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा की हुड्डा कॉलोनी में इन दिनों सीवरेज के गंदे पानी की समस्या से कॉलोनीवासी परेशान हैं। सड़कों पर सीवरेज का गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह पानी भर जाने से सड़क कीचड़ में बदल गई है, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों में सत्यवान यादव, नरेश कुमार, राजेश कुमार ललित जैन, अनिल कुमार, मुनीष आदि कहना है कि लंबे समय से सीवरेज की निकासी सही तरीके से नहीं हो पा रही है। इसके चलते गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है और आसपास बदबू फैलने लगती है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

# राजनीति और समाजसेवा के असल मायने सिखा गए जंगबीर सिंह : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। लोगों को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा पूर्व सांसद के बड़े बेटे कमल सिंह को जिम्मेदारियों की पगड़ी बंधवाते पूर्व सीएम हुड्डा व संत कंवर महाराज।

पूर्व सांसद एवं जनप्रिय नेता चौधरी जंगबीर सिंह के निधन पर प्रदेशभर में शोक की लहर है। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक हस्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह उनके 10वीं लोकसभा के साथी रहे थे और उनके साथ बिताए गए समय की अनेक यादें आज भी उनके मन में ताजा हैं। उन्होंने कहा कि जगबीर सिंह राजनीति और समाजसेवा के असल मायने सिखा गए। वहीं कंवर साहेब महाराज ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह जीवनभर सद्मार्ग पर चलते रहे और उन्होंने अपने आचरण से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया। कंवर महाराज ने कहा कि उनके दोनों बेटे कमल प्रधान व डॉ हरिकेश अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए आमजन व समाज को सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। कॉमरेड इंद्रजीत ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में सेवा, सत्य और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा।

# स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन की आधारशिला : सीजेएम पवन कुमार

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिटीजन क्लब व जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, भिवानी के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेक्टर-13 स्थित सिटीजन क्लब एवं जिला जेल में व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में इन कार्यक्रमों आयोजन हुआ। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन की आधारशिला है। बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों के कारण कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य एवं कानूनी सेवाओं की जानकारी पहुंच सके।

उन्होंने विशेष रूप से जेल में बंद बंदियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों एवं जेल में बंद बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ जीवनशैली और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ. ईशा हुड्डा व डॉ. साहिल वर्मा और उनकी टीम ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा मौके पर ही स्वास्थ्य जांच भी की।

# अप्रैल में होगी बलवाटिका से कक्षा 8वीं तक की पूरक परीक्षा

- यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप आयोजित की जा रही

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा



अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज

गुरुग्राम स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज की ओर से अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाली बाल वाटिका से कक्षा 8वीं तक की पूरक मूल्यांकन परीक्षा को लेकर अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इसके साथ ही परीक्षाओं की डेटशीट भी जारी कर दी गई है। यह पूरक मूल्यांकन 20 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर प्रदान करना है। गुरुग्राम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज ने बताया कि यह सुधार मूल्यांकन विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए है जो मार्च 2026 में हुए वार्षिक मूल्यांकन में प्रदर्शन को बेहतर बनाना चाहते हैं। उन्होंने सभी डीईईओ को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा को गंभीरता से लें।

**डेटशीट की जारी**

डेट शीट के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 8:30 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा। भाषाओं की परीक्षा 2 घंटे और अन्य विषयों की परीक्षा ढाई घंटे की होगी। अतिरिक्त निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रमुखों से इन निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की अपील की है।

# डीसी ने फसल खरीद, एलपीजी आपूर्ति व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश

- अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में फसल खरीद और घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से चले और सरसों व गेहूं की नियमानुसार बिक्री के दौरान अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

डीसी ने खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर सुचारू रूप से उपलब्ध होने चाहिए। वहीं दूसरी ओर बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी वीसी के माध्यम से जुड़े और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी गुप्ता ने खरीद प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ई-खरीद प्रक्रिया पर कार्रवाई करते हुए वेरिफिकेशन का कार्य समय रहते पूरा किया जाए, ताकि अधिक फसल आने पर मंडियों में जाम की स्थिति न बने। फसल खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक रूप से देरी न हो।

डीसी ने खाद्य एवं पूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि जिले में एलपीजी की कमी नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस लेने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। लोगों को घर पर गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध करवाएं ताकि लोग गैस एजेंसियों पर ना आएं। कमर्शियल में घरेलू गैस का प्रयोग नहीं होना

### बीआर ग्रुप ऑफ स्कूल बिरही कलां में हवन से शैक्षणिक सत्र का आगाज



चरखी दादरी। हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित करते स्टाफ व विद्यार्थी।

**चरखी दादरी।** शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी समान महत्व देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बीआर ग्रुप ऑफ स्कूल बिरही कलां में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर भव्य एवं आध्यात्मिक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। हवन अनुष्ठान का विधिवत संचालन प्रख्यात वैदिक विद्वान आचार्य मनोज शास्त्री द्वारा किया गया। उन्होंने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन संपन्न कराते हुए सभी को आहुति दिलवाई और नए सत्र के लिए मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज, उनकी धर्मपत्नी अंकिता धर्मा तथा माता सुशीला शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# तोशाम अनाज मंडी एवं पटौदी केंद्र पर फसल खरीद व्यवस्था सही : एसडीएम

- अधिकारियों को दिए फसलों की खरीद के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



एसडीएम संदीप कुमार ने सोमवार को दोपहर बाद स्थानीय अनाज मण्डी और पटोदी खरीद केंद्र पर व्यवस्थाओं की जांच की। गत 01 अप्रैल से सरकार द्वारा गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीएम ने किसानों और आढ़तियों के साथ सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसलो की बिक्री के दौरान किसानों और आढ़तियों कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाय। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में तिरपाल, बिजली, पानी सहित तमाम बेहतर व्यवस्थाओं के साथ साथ आढ़तियों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने मंडियों में पानी, बिजली, सफाई, सीवरेज सहित तमाम व्यवस्थाओं की जांच भी की। उन्होंने आढ़तियों से कहा कि मंडियों में उतरवाई, झरवाई, तुलवाई और उतरवाई सुचारू रूप से चलनी चाहिएं।

### कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताए और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

**भिवानी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग तथा समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रेम नगर गाँव में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता सत्र , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के मार्गदर्शन में तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार और समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार तेवतिया की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो गाँव के मुख्य मार्गों से होते हुए चौधरी छोटू राम चौक तक पहुँची। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में स्लोगन और तख्तियां लेकर "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान प्रोफेसर संजीव कुमार ने स्वास्थ्य दिवस के थीम हेल्थ टॉगदर स्टैंड विद साइंस के तहत बच्चों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। गाँव के सरपंच राजेश बुरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

रैली के पश्चात गाँव के चौक पर समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में नशे की लत के कारण होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को सजीव रूप में दर्शाया गया।

# कोलाज एवं क्ले मॉडलिंग की बारीकियों का दिया प्रशिक्षण

- पद्मश्री हरियाणवी कलाकार महाबीर गुड्डू की गरिमामयी उपस्थिति रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। कोलॉज बनाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

कला जीवन समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं राज्य स्तरीय कला कार्यशाला का आयोजन हरियाणा आर्ट एंड कल्चर विभाग चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने पंडित सीताराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिभागियों को कोलाज एवं क्ले मॉडलिंग कला विधाओं में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री हरियाणवी कलाकार महाबीर गुड्डू की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए अनुभवी कलाकार एवं प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, डॉ. दीपांजलि दयाल, डॉ. प्रवेश कुमार, अनिल एवं अमित ने प्रतिभागियों को कोलाज एवं क्ले मॉडलिंग की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया तथा उनके कार्यों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएं : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठान लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएं। दुकानदार खाद्य पदार्थों से संबंधित नियमों का पालन करें। जिला प्रशासन की मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों पर पैनी नजर है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ बनाने वाले प्रतिष्ठान मिलावट रहित खाद्य पदार्थ ही आमजन को दें। एडीसी करवा लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने चार मामलों की सुनवाई करते हुए दो लाख 84 हजार 992 रुपये का जुर्माना लगाया। एडीसी ने न्यू डिफेंस कॉलोनी में सोनू घी वाला पर सबस्टैंडर्ड (घटिया गुणवत्ता) व बिना पंजीकरण के मामले में कुल एक लाख 59 हजार 995 रुपये का जुर्माना लगाया है। हांसी गेट स्थित बलिंक कोमर्स प्रा.लि. पर मिस ब्रांडेड खाद्य सामग्री के संबंध में 39 हजार 999 का जुर्माना किया गया। जमालपुर में सचिन किरयाणा स्टोर पर बिना पंजीकरण के चार हजार 999 रुपये का जुर्माना किया गया है। सिंघानी की शिव डेयरी एंड स्वीट्स पर 79 हजार 999 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एडीसी ने खाद्य पदार्थों से संबंधित केसों की सुनवाई के दौरान कहा कि आमजन को भी मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों से सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।

झोझूकलां में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

# विद्यार्थियों को दिलवाई नशामुक्ति की शपथ

**उत्तम स्वास्थ्य के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन जरूरी: बीके ज्योति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। विद्यार्थियों को संबोधित करती बीके ज्योति। फोटो :हरिभूमि

उत्तम स्वास्थ्य के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए हमें सकारात्मक सोच, योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए, ये उद्गार ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए।

वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजकीय कन्या वमा विद्यालय झोझूकलां में स्वास्थ्य के लिए एकजुट–विज्ञान के साथ खड़े रहें विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। सेवाकेंद्र प्रभारी ने छात्राओं एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली ही एक सशक्त समाज की नींव होती है।

**नशे के दुष्प्रभाव बताए**

इस दौरान नशे के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। प्राचार्या सोनू सांगवान ने आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार जताया।

# पहाड़ बंद से 600-700 करोड़ का सरकारी राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



जिप चेयरपर्सन अनिता मलिक

जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा की 3 दिन से खानक पहाड़ बंद है। यहाँ पर अब 30 से 50 रुपए टन के हिसाब से अवैध वसूली की जा रही थी जिससे यहाँ का मज़दूर व व्यापारी वर्ग नाराज था। चेयरपर्सन अनिता मलिक का कहना था कि पहाड़ बंद होने से यहाँ 60 से 70 हजार लोगों का रोजगार बंद हो जाता है इनमे क्रेशर मालिक, गाड़ियों के मालिक, गाड़ियों के ड्राइवर व दुकानदार शामिल हैं। सरकार के राजस्व को भी 600-700 करोड़ का नुकसान हो रहा है किंतु हमारी मंत्री को न तो आमजन की चिंता है और न ही सरकारी राजस्व की मंत्री व उसकी मां तो पहले भी 7 साल पहाड़ बंद करवा चुकी हैं। उसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तोशाम में रैली करके कहा था की खानक पहाड़ को चलाना दादरी जिला बनाने से भी बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अवगत कराया जाएगा और उनकी एक रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमे आग्रह किया जाएगा कि यहाँ की अवैध वसूली का मामला हरियाणा विधानसभा व लोकसभा में उठाया जाए। इससे पहले जिला परिषद की सदन की मीटिंग में डाडम, धारण, रिवासा, दुल्हेड़ी आदि सभी पहाड़ियों को चलाने के लिए प्रस्ताव पास किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप



भिवानी। शिविर में जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में वृद्ध जनों की जांच की

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चरखी दादरी के तत्वावधान में स्थानीय चंपापुरी गली नंबर 9 में राधा कृष्ण ओल्ड एज होम वृद्ध आश्रम परिसर में वृद्धजनों की के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रवेश कुमार ने उपस्थित वृद्धजन की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। प्राधिकरण के जिला मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजला ने निः शुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित हुए और उन्होंने चिकित्सा दल का आभार जताया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा नौ मई को आयोजित होने वाली दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय स्थित एडीआर सेंटर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-सह-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सीजेएम पवन कुमार ने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए लोक अदालत को सफल बनाने के निर्देश दिए।

### महाराजा नीमपाल सिंह कॉलेज के विद्यार्थी छाए

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम में एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में महाराजा नीमपाल सिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। नशा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम में जिलेभर के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के नार्कोटिक्स सेल इंचार्ज डॉ. देवेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया था।

## पूरे दिन हल्की बूंदाबांदी ने मौसम में घोली ठंडक

# वैशाख में श्रावण जैसी झड़ी, 8 डिग्री लुढ़का पारा-किसानों की हार्टबीट बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ पारा 31 डिग्री सेल्सियस से लुढ़ककर 23 डिग्री पर आया

मंगलवार को पहली बार वैशाख माह में श्रावण जैसी झड़ी लगी रही। कभी हलकी तो कभी रिमझिम बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक घोल दी। पूरे दिन हलकी बूंदाबांदी की वजह से पारा भी एकदम आठ डिग्री सेल्सियस नीचे लूढक गया। पारा 31 डिग्री सेल्सियस से लुढक कर 23 डिग्री पर आ गया। गर्मी के मौसम में लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। बूंदाबांदी के साथ पूरे दिन बादलों की आवाजाही बनी रही।

वहीं एकदम मौसम ने करवट बदलने की वजह से किसानों की हार्टबीट बढ गई। क्योंकि फिलहाल किसानों के खेतों में गेहूं व सरसों की फसल पक कर तैयार है। कुछ किसानों ने फसलों की कटाई शुरू कर दी तो कुछ किसान मौसम खुलने का इंतजार कर रहे है। दूसरी तरफ बूंदाबांदी की वजह से किसानों ने फसलों की कटाई व कढाई का कार्य पूरी तरह से रोक दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो आसमान में हलके बादल छाए हुए थे। जैसे ही दिन चढने लगा तो बादलों की गहनता बढने लगी है। कुछ ही देर बाद आसमान में पानी बरसने लगा। कभी हलकी फुव्वार तो कभी श्रावण जैसी रिमझिम बूंदाबांदी होती रही। जिस वजह से पारा 31 डिग्री से लुढक कर 23 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों को गर्मी के माह में ठंड का अहसास होने लगा। पंखे कूलर फिर से बंद होने लगा।



भिवानी। आसमान में छाई बादलवाई का दृश्य तथा बारिश से बचने के लिए शैड के नीचे खड़ा ट्रैक्टर-ट्राली। फोटो: हरिभूमि

### मंडियों में भीगेगा किसानों का सोना

जिन किसानों ने अपने खेतों से गेहूं की कढाई करके खरीद केंद्रों पर डाल दिया। फिलहाल सरकारी एजेंसी गेहूं की खरीद से परहेज कर रही है। क्योंकि गेहूं में नमी बहुत ज्यादा आ रही है। अगर इस वक्त गेहूं को बैगों में भरवा दिया जाए तो उसके वजन में कमी आना लाजिमी है। जिसके चलते किसानों की फसलों के गेट पास तो कट गए है,लेकिन अभी फसल को कटों में नहीं भरवाया गया है। जिस वजह से मंडियों में पड़ा गेहूं अभी तक किसानों के नाम का ही है।

### कटाई व कढ़ाई का कार्य अटका

सुबह से हलकी बूंदाबांदी की वजह से किसानों की फसलो की कटाई व कढाई का कार्य अटक गया। क्योकि फसलों की कटाई करके फसलों को जमीन पर डाला जाता है। अगर काटी हुई गेहूं की फसल पर बूंदाबांदी हो जाए तो फसल का खराब होना लाजिमी है। दूसरी तरफ अगर कोई किसान फसल को कम्बाइन मशीन से निकलवाता है तो फिलहाल गेहूं के दानों में नमी ज्यादा होती है। ज्यादा नमी की वजह से फसल को मंडियों में नहीं डाला जा सकता। ऐसे में किसानों के समक्ष फसलों की कटाई व कढाई का कार्य रोकना पड़ा। दूसरी तरफ इस मौसम में आए एकदम बदलाव की वजह से किसानों की चिंताएं बढ गई है।क्योंकि इस मौसम में हमेशा बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की आशंका बनी रहती है। अगर इस वक्त ओलावृष्टि हो गई तो फसलों में बहुत ज्यादा नुकसान होगा।

### ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने भरी हुंकार



तोशाम। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते हुए। फोटो: हरिभूमि

**तोशाम।** किसानों की समस्याओं को लेकर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने हुंकार भरी है। सोमवार को मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालू के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। इन ज्ञापनों में अनाज मंडियों में फसल खरीद की नई पेचीदा शर्तों को हटाने और हाल ही में हुई बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के उचित मुआवजे की मांग की गई है। प्रदर्शन की अध्यक्षता रामबीर फौजी, अधिवक्ता जयपाल जागलान ने किया तथा संचालन मा. रघुबीर सिंह भेरा एवं जगबीर सिंह अलखपुरा ने किया। ज्ञापन सौंपने के बाद मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालू ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ तो डिजिटल इंडिया का दम भरती है, लेकिन दूसरी तरफ अनाज मंडियों में बायोमेट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टरों की नंबर प्लेट अपलोड करने जैसी अव्यावहारिक शर्तें थोपकर अन्नदाता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। अनाज मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए तालु ने कहा कि सरकार ने ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट, किसान की बायोमेट्रिक हाजिरी और बिक्री के लिए दो गवाहों की जो अनिवार्य शर्तें रखी हैं, वे पूरी तरह से अनुचित हैं।इन शर्तों के कारण मंडियों में लंबी लाइनें लग रही हैं।

## हाईड्रा मशीन से गिरे दो युवक एक की मौत एवं दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

■ बिजली की लाइन ठीक करते समय हुआ हादसा

बवानीखेड़ा में वेयरहाउस के समीप रेलवे फाटक के पास रोड पर बिजली की लाइन ठीक करते समय मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। मरम्मत कार्य के दौरान हाईड्रा मशीन पर काम कर रहे दो युवक अचानक नीचे गिर गए, जिससे 40 वर्षीय सतबीर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जाता है कि बवानीखेड़ा में वेयरहाउस के समीप रेलवे फाटक के पास रोड पर बिजली की लाइन ठीक करने का काम चल रहा था। इसी दौरान हाईड्रा मशीन की मदद से दो युवक ऊपर चढ़कर लाइन ठीक कर रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से दोनों युवक मशीन से नीचे गिर पड़े। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को संभाला। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे भिवानी रेफर कर दिया गया। वहीं एक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ इस बारे नागरिक अस्पताल के डॉ. विपुल कुमार ने बताया कि उनके पास मोहित को घायल अवस्था में लाया गया उसके सिर नाक, माथे, हाथ, टांगों आदि पर चोटें होने के चलते प्राथमिक उपचार करके भिवानी रेफर कर दिया गया। वहीं इस बारे थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि स्ट्रीट लाइट ठीक करते समय ट्राली मिसबैलेंस हो गई जिसमें एक की मौत हो गई व दूसरे को भिवानी रेफर किया गया है। जांच चल रही है।

## दोपहर तक सावन सी झड़ी ने बढ़ाई ठंडक, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

■ न्यूनतम तापमान पांच से छह डिग्री लुढ़का, ठंड का हुआ अहसास

मंगलवार को एक बार फिर लोहारू शहर और आसपास के इलाके में बरसात हुई। सुबह से ही आसमान में घनघोर घटाएं छाई रही और दोपहर में इलाके में रिमझिम फुहारों का दौर जारी रहा। इस रिमझिम बरसात से दोपहर के न्यूनतम तापमान में करीब पांच से छह डिग्री की गिरावट होने के कारण वातावरण में ठंड का अहसास बढ़ गया।

वहीं पिछले एक सप्ताह से मौसम की करवट और रुक रुक हो रही बरसात ने किसानों को सकते में डाल दिया है। खेतों में किसान फसल कटाई में जुटा है और बरसात के कारण किसान खेतों भीग रही फसल को समेटने में असमर्थ है। किसानों का कहना है कि इस लगातार बरसात ने फसलों को चौपट कर दिया है। सरकार को बर्बाद फसलों की गिरदावरी करानी चाहिए और पीड़ित किसानों को मुआवजा देना चाहिए। वहीं दूसरी और मंगलवार की लगातार हुई रिमझिम बरसात से सब्जीमंडी क्षेत्र, बस स्टेंड, चौ देवीलाल चौक सहित अनेक निचले क्षेत्रों में लोगों को कीचड़ की समस्या का सामना करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत नांदेड़ साहिब के लिए स्पेशल ट्रेन जाएगी पांच मई को

■ कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर करेंगे स्पेशल ट्रेन को रवाना

**भिवानी।** सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब की विशेष तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को लेकर एक स्पेशल ट्रेन श्री हजूर साहिब के लिए पांच मई को रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच मई को कुरुक्षेत्र से ट्रेन को झंडी दिखाकर नांदेड़ के लिए रवाना करेंगे। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 15 अप्रैल तक पंजीकरण कर सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निशुल्क रखी गई है, जिससे वे आसानी से तीर्थ स्थल के दर्शन कर सकें। इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण सरल हरियाणा पोर्टल पर करवाकर इस धार्मिक यात्रा का लाभ उठाएं।

## पक्का नहीं करने तक जारी रहेगा संघर्ष : राजेश

■ बिजली घर में गूंजी इंकलाब की आवाज : कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

मंगलवार को तोशाम स्थित बिजली घर के प्रांगण में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी।

सभा की अध्यक्षता सब-यूनिट नंबर 1 के प्रधान कमल नयागांव और सब-यूनिट नंबर 2 के प्रधान रामलाल ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन विकास द्वारा किया गया। यूनियन के राज्य प्रधान राजेश सांगवान और राज्य सचिव लोकेश ने मुख्य वक्ता के तौर पर कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने हरियाणा सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। हम अपने हक की लड़ाई तब तक लड़ेंगे जब तक अंतिम कच्चे कर्मचारी को पक्का नहीं कर दिया जाता और पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती। यूनियन के आह्वान पर सेल्फ परफॉर्मा भरकर व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह हस्ताक्षरित परफार्मा सीधे मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री और बिजली विभाग के सीएमडी को भेजा जाएगा। इस दौरान यूनियन ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि 8 और 9 अप्रैल को होने वाली राज्य स्तरीय हड़ताल में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ के साथ मिलकर पूर्ण समर्थन देगी।

### आवारा पशुओं से दुर्घटना की स्थिति में दयालु-2 योजना के तहत मिलेगा आर्थिक सहयोगः उपायुक्त

■ घटना के 90 दिनों के भीतर करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने आवारा पशुओं से हुई दुर्घटना के पीड़ित लोगों से सरकार की दयालु 2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सडक़ों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में दयालु-2 योजना' पोर्टल का शुभारंभ किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि दयालु योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर संबंधित परिवार को एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। चोट लगने की स्थिति में न्यूनतम 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार का परिवार पहचान पत्र के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

### 'विकसित दादरी रैली' में पहुंचने का निमंत्रण दिया

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने मंगलवार को शहर के प्रेम नगर और आदर्श धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लोगों को 11 अप्रैल को होने वाली 'विकसित दादरी रैली' में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली दादरी के इतिहास में नई पहचान स्थापित करेगी और क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। सुनील सांगवान ने कहा कि रैली को प्रदेश के मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक रैली नहीं, बल्कि दादरी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का अवसर है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

## विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती से जुड़कर नए मॉडल बनाने चाहिए : डॉ. दीप्ति

डॉ. विनोद चौधरी ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी के प्रांगण में कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के तत्वावधान में नेचुरल फार्मिंग एंड इट्स सोशियो इकोनामिक एनवायरमेंटल एंड हेल्थ इंप्लीकेशन विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के द्वारा इस विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं उन्होंने इस विषय के महत्व को समझते हुए समस्त मौजूद स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बढ़-चढक़र के ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रखकर, इस प्रकार के प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के समाजशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष तथा प्रख्यात पर्यावरण समाजशास्त्री डॉ. विनोद चौधरी ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। इस व्याख्यान के आरंभ में वातावरण, शहरी और जलवायु के मुद्दों पर वर्षों से कार्य करने वाले समाजशास्त्र और समाज कार्य के विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार तेवतिया ने अतिथियों का स्वागत किया और इस विषय की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती से जुड़कर नए मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम अपने गृह क्षेत्र में कृषि की प्राकृतिक विधियों का इस्तेमाल कर जमीन और स्वास्थ्य है दोनों का भरण पोषण कर सकते हैं और ऐसे नए स्टार्टअप्स, जो क्षेत्र की कृषि तथा जल की समस्या के समाधान के साथ, तकनीकी सुधार या नई सेवा प्रदान करते हो, शुरू कर सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. विनोद चौधरी ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए प्राकृतिक खेती,जैविक खेती एवं किस प्रकार से नानक खेती की विधि के द्वारा हम पर्यावरण के अनुकूल फसल का उत्पादन कर सकते हैं और इससे पैदा हुई फसल किस प्रकार स्वास्थ्य एवं आर्थिक पहलु से लाभदायक हैं, इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बायोचार के माध्यम से हम भूमि को वर्षों तक उपजाऊ बनाए रख सकते हैं। यह विधि न सिर्फ जमीन के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि इससे होने वाली फैसले भी अत्यधिक मात्रा में लाभदायक एवं पोषण से भरपूर होती हैं। इस विधि के उपयोग से जहां एक तरफ उपज ज्यादा होती है, वहीं दूसरी तरफ भूमि भी सैकड़ो वर्षों तक संरक्षित रहती है। उन्होंने विश्वविधालय के दोनों का दौरा किया तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने खास कर छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं भी अनेकों वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करके अपने आप को अच्छे कृषि संबंधी उद्यमियों के रूप में स्थापित करने का कार्य कर रही है अतः वह भी हौसला करें नवीन विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें और अपने-अपने क्षेत्र में उसे जानकारी के आधार पर आगे बढ़ने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने का काम करें। कुलगुरु के द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाजशास्त्र एवं समाज कार्य के विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार तेवतिया जी को बधाई दी एवं भविष्य में भी इस प्रकार के व्याख्यान आयोजित करने के लिए प्रेरित किया तथा विश्वविधालय मैं जैविक कृषि पर प्रदर्शन परियोजना स्थापित करने का सुझाव दिया जिससे विद्यार्थियों तथा किसानों का ज्ञान वर्धन किया जा सके। अंत में डॉ मधुसूदन इस कार्यक्रम के आयोजन में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डॉक्टर मूलराज, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर दीक्षा, डॉक्टर मोनिका एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

### जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने हिसार के अनेक शैक्षणिक संस्थाओं का भ्रमण किया। चेयरपर्सन प्रो. ललिता गुप्ता ने बच्चों को विभिन्न स्थानों की जानकारी दी और सैद्धांतिक ज्ञान को क्षेत्रीय संस्थाओं से ज्ञान लेकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।संयोजक डॉ. पार्वती शर्मा एवं डॉ. मोनिका जांगड़ा के साथ छात्रों ने एक्वा रिसर्च टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (एआरटीआई), कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र (एटीआईसी) एवं पशु विज्ञान,राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान (एनआरसीई) का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को जलीय कृषि की विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

### आरपीएस में इंटरनेशनल स्कूल में डॉक्टरों ने जांचा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य


भिवानी। मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

**भिवानी।** आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल भिवानी में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत शहर के जाने-माने चिकित्सकों ने अपने निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। विद्यालय निर्देशिका दिव्या गर्ग ने सभी चिकित्सकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शहर के प्रतिष्ठित त्रिवेणी डेंटल क्लीनिक के डॉ. कपिल व डॉ.संगीता एवं सिविल अस्पताल के डॉ. डी.के. आहूजा ने बच्चों को उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया। निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। बच्चों को स्वास्थ्य ही धन का संदेश देकर स्वस्थ भोजन फल और शारीरिक व्यायाम के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्या कीर्ति आहूजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली हमारे शरीर पर अपना प्रभाव डाल रही है। इसके लिए हमें संतुलित आहार पर्याप्त नींद लेनी होगी वह नियमित व्यायाम करना होगा तभी हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926